सत्यमेव जयते

पंचदश

बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

अल्प–सूचित प्रश्न

वर्ग–5

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{14 चैत्र, 1934 (श०)}}{\text{03 अप्रील, 2012 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या–01

(1) स्वास्थ्य विभाग	01
कुल योग	01

कार्रवाई नहीं करने का औचित्य

''क'' 58. <u>श्री संजय सरावगी</u> - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में दिसम्बर, 2007 से मार्च, 2008 की अवधि में 1.06 करोड़ की लागत से 87,600 पीस विक्रिल (मेजर ऑपरेशन में लगने वाला टाका) का क्रय किया गया एवं जुलाई, 2008 में विक्रिल उपलब्धता शून्य दिखाकर पुनः 66.53 लाख की लागत से 84,000 पीस विक्रिल का क्रय वित्तीय वर्ष 2008-09 में किया गया तथा दिसम्बर, 2007 से जुलाई, 2008 तक की अवधि में मात्र 3,260 मेजर ऑपरेशन किए गए ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनियमितता की जाँच हेतु निगरानी विभाग द्वारा पत्रांक 2280, दिनांक 3 जून, 2009 द्वारा स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया जिसके आलोक में स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक 665 (17), दिनांक 10 सितम्बर, 2009 को जाँच हेतु भेजा जो अबतक लम्बित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा उक्त अनियमितता में अबतक कोई कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

नोट - ''क'' दिनांक 30.03.2012 एवं 02.04.2012 को सदन द्वारा स्थगित ।

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटना
दिनांक-03 अप्रील, 2012 (ई०) ।